# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–11.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय पंचायती पुरस्कार किये प्रदान, विभिन्न श्रेणियों में 45 व्यक्तियों को किया पुरस्कृत।
2. झारखंड विधानसभा के तीसरे दिन आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण, राज्यपाल ने कहा–केंद्र के सहयोग से झारखंड का होगा विकास।
3. वित्तमंत्री राधा कृष्ण किशोर ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए ग्यारह हजार छह सौ संतानवे करोड़ रूपये का अनुपूरक बजट किया पेश, महिला बाल विकास विभाग के लिए किया गया अधिकतम प्रावधान।
4. हजारीबाग में सीजीएल परीक्षा परिणाम के विरोध में छात्रों का आंदोलन जारी, पक्ष और विपक्ष का इसे लेकर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप।

**5-** राज्य में बारिश के बाद लगातार बढ़ रही ठंड, अगले पांच दिनों में तापमान में और गिरावट की संभावना।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पंचायती राज मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित किया। इस वर्ष विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 45 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष मुर्मू ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ये पुरस्कार पंचायत के समर्पण और प्रयासों का प्रतीक हैं, जो भविष्य में भी हमेशा सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए प्रेरित करते रहेंगे। समारोह के दौरान पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पुरस्कार विजेता पंचायतों की नवाचारी और प्रभावी कार्य प्रणालियों पर एक पुस्तिका का अनावरण भी किया गया।

***************

झारखंड विधानसभा के छठे सत्र के तीसरे दिन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण हुआ। राज्यपाल ने कहा कि केंद्र और राज्य के परस्पर सहयोग से ही राज्य की जनता का चहुंमुखी विकास संभव है। राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार की सभी नियुक्तियों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत पद आरक्षित किये जायेंगे।

***************

झारखंड विधानसभा में राज्य के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में चालू वित्त वर्ष का 11 हजार 6 सौ संतानबे करोड़ रुपये का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें सबसे अधिक महिला बाल विकास विभाग के लिए प्रावधान किया गया है। अनुपूरक बजट पेश होने के बाद सदन की कार्यवाही कल सवेरे 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। कल राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, वाद–विवाद, सरकार का उत्तर और विश्वास मत हासिल करने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

***************

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने आज लोकसभा में पलामू प्रमंडल के उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) के निर्माण कार्य को पूरा करने का मुद्दा उठाया। शून्य काल में श्री राम ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संशोधित लागत राशि की स्वीकृति केन्द्रीय कैबिनेट ने दे दी थी और ये राशि राज्य सरकार को मिल चुकी है, लेकिन अभी भी परियोजना का निर्माण कार्य लंबित है।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के ग्रांड फिनाले में युवा इन्नोवेटर्स से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने उनकी सराहना करते हुए कहा कि युवा इन्नोवेटर्स के पास 21वीं सदी के भारत के लिए एक अलग दृष्टिकोण है।

***************

हजारीबाग में हो रहे सीजीएल परीक्षा के परिणाम के विरोध में छात्र आंदोलन का समर्थन करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के नेता चम्पाई सोरेन ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने राज्य सरकार से सीबीआई जाँच कराकर इस विवाद का हल निकालने की मांग की है और कहा कि भाजपा सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी के विरोध में आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ खड़ी है। उधर सत्ता पक्ष की ओर से युवा मामले मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि छात्र आंदोलन राजनीती से प्रेरित है।

***************

झारखंड में बारिश के बाद लगातार ठंड बढ़ रही है। आने वाले दिनों में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयेगी। सुबह में कोहरा रहेगा, लेकिन बाद में मौसम साफ हो जाएगा।

***************

संक्षिप्त खबरें

- चाईबासा जिले में थोलकोबाद और राताामाटी के बीच नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक आईईडी विस्फोटक को सुरक्षा बलों ने बरामद किया। इसे जंगल में ही विनष्ट कर दिया गया।
- हज़ारीबाग़ ज़िले में तंबाकू मुक्त अभियान के तहत सीड्स के तकनीकी सहयोग से उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित किया गया।
- सिमडेगा ज़िले में बांगलादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ जनाक्रोश यात्रा निकाली गई, साथ ही जिला बंद का आयोजन किया गया।
- जमशेदपुर में मानगो डिमना रोड में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाया गया।

*******समाप्त*******